तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 18.5 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026


14 अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर 4 अप्रैल को मतदान...


16 तीन जिले के 900 तालाबों में निस्तारी संकट...



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय: ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है।

# किचन नाइफ के नाम पर ऑन लाइन वेब साइट से मंगा रहे धारदार घातक हथियार

## मीसो से खंजर मंगाकर युवक पर किया जानलेवा हमला, ई-कॉमर्स कंपनी के दो कर्मचारी गिरफ्तार

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ में राजधानी से लेकर इस्पातधानी और अन्य बड़े जिलों में ऑनलाइन शॉपिंग साइट से धारदार हथियार मंगाने का भूत सा सवार दिख रहा है। बाद में इन्हीं घातक हथियारों से मर्डर और जानलेवा हमले हो रहे हैं। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि अपराधिक किस्म के लोग जो ऑनलाइन साइट से चाकू खरीदते समय किचन नाइफ के नाम से ऑर्डर देते हैं और फिर उसकी आड़ में घातक धारदार हथियार मंगाते हैं।



इसका खुलासा बीते 15 फरवरी की रात दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर थाने में हुए एक जानलेवा हमले की वारदात की जांच में हुआ। जब पुलिस ने हमला करने वाले आरोपियों को पकड़ा और चाकू जब्त किया तो चाकू के दोनों तरफ धार थी और दांते बने थे। पूछताछ में आरोपी प्रकाश यादव ने बताया कि उसने ये चाकू मीसो नाम की ऑनलाइन साइट से मंगाया है। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने किचन नाइफ के नाम से आर्डर किया और मंगाया घातक धारदार चाकू। मीसो कंपनी ने भी उसे घातक चाकू भेजा, लेकिन पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं दी। इस पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर 14 मार्च 2026 को मीसो ई-कॉमर्स कंपनी के एरिया मैनेजर लोकोप्रियो बानिक तथा डिलीवरी से संबंधित विवेक वर्मा (विके लॉजिस्टिक) को धारा 94 एवं 179 BNSS के तहत नोटिस जारी कर पूछताछ की गई। जब उनके द्वारा प्रतिबंधित हथियार की आपूर्ति संबंधी कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं दिया गया तो दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।








### पिछले दो सालों में चाकू बाजी के प्रकरण

| साल | हत्या के प्रकरण | हत्या के प्रयास | कुल प्रकरण | जब्त चाकूनुमा हथियार |
|---|---|---|---|---|
| 2024 | 08 | 73 | 81 | 80 |
| 2025 | 14 | 103 | 117 | 17 |
| 2026 | 01 | 14 | 15 | 15 |

### सेट से लेकर नगदार चाकू बरामद

पुलिस अफसर के मुताबिक जिले के अलग-अलग थानों में बड़ी संख्या में धारदार व बटनदार चाकू जब्त किए गए हैं। लोग रौब जमाने के लिए इस तरह के हथियार अपने पास रखते हैं। अधिकांश युवक हाथ में चाकू लेकर तस्वीरें खिंचवाकर फोटो वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करते हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों से चाकू के सेट से लेकर नगदार चाकू तक जब्त किया है।

### 2 सालों में 212 घातक हथियार जब्त

अगर आंकड़ों की बात करें तो अकेले दुर्ग जिले में दो साल तीन महीने के अंदर पुलिस ने 212 घातक धारदार चाकू व कटर जैसे हथियार जब्त किए हैं। इसमें सभी का उपयोग किसी ना किसी जानलेवा हमला या मर्डर में किया गाय है। इसी तरह राजधानी रायपुर में दिसंबर 2020 में फ्लिप्कार्ट के जरिए 800 लोगों ने चाकू ऑनलाइन मंगाया था।

### चाकू रखकर घूमते मिले तो होगी कार्रवाई

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एसएसपी विजय अग्रवाल ने लोगों को स्पष्ट निर्देश हैं कि किचन या अन्य उपयोग के लिए यदि इस तरह के घातक हथियार मंगाए जा रहे हैं तो उन्हें थाने में जमा करें। यदि अवैध रूप से चाकू रखकर घूमते पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आनलाइन मंगा रहे हथियार



सीधी बात : एसएसपी विजय अग्रवाल

- जिले में अचाक चाकू मारने की वारदात बढ़ी हैं।
- वारदातें हो रही हैं, उन्हें रोकने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।
- इतने धारदार और घातक हथियार आते कहां से हैं।
- जांच में सामने आया है कि अधिकतर लोग ऑनलाइन साइट से इसे मंगाते हैं।
- इसे रोकने के लिए क्या किया जा रहा है।
- पुलिस इसे लेकर अब ऑलाइन कंपनियों पर भी कार्रवाई कर रही है।
- किस तरह हो रही है घातक हथियारों की सप्लाई ?
- जांच में आया है कि ई-कॉमर्स कंपनियां किचन नाइफ के नाम पर धारदार घातक चाकूनुमा हथियार सप्लाई कर रही हैं।
- किस तरह के चाकू गैर कानूनी होते है?
- 6 इंच से लंबे धारदार चाकू आर्म्स एक्ट के दायरे में आते हैं।
- आपके मुताबिक क्या होना चाहिए।
- उन्हें चाहिए की इस तरह के चाकू भेजने से पहले मंगाने वाले का नाम पता सहित पुलिस को जानकारी देनी चाहिए। ऐसा ना करना गैर कानूनी कार्य है। पुलिस इस पर लगातार कार्रवाई करेगी।

## खबर संक्षेप

### थामस को निर्वाचन राजपूत बने भिलाई व छावनी के एसडीएम

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थामस को अब जिले की उप जिला निर्वाचन अधिकारी की भी दी है। इसके अतिरिक्त वे पंचायत एवं नगरीय निकाय के परिसीमन कार्य भी देखेंगे। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत को अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 के साथ अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई नगर एवं छावनी का कार्यभार भी सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन भी करना होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### 2.93 लाख रुपए का गांजा जब्त, गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खेरधा बाजार चौक जामुल निवासी दिलावर अली के पास से 5.876 ग्राम गांजा जब्त किया गया। उसे घेरबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गांजा की कीमत 2.93 लाख रुपए आंकी गई है। एक प्लास्टिक बोरी में गांजा को रखा हुआ था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



## कर्ज की आड़ में धमकी जबरन वसूली करने वाली दो महिला समेत तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कर्ज के आड़ में जबरन रकम वसूली करने वाली दो महिला समेत एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मैत्री विहार राधिका नगर सुपेला निवासी रिया पाल ने शिकायत किया। जिसमें आरोपियों से 1 लाख रुपये उधार लिया था। जिसके एवज में महिला 12 लाख रुपये ब्याज समेत चुका चुकी है। बावजूद सुर्या विहार कालोनी, सुपेला भिलाई निवासी कंचन सिंह, मॉडल टाउन, नेहरू नगर बरखा शर्मा, राजनांदगांव, हाल सेक्टर 6 वसीम खान ने पीड़ित महिला से जबरन दो ब्लैंक चेक अपने पास रख रकम की डिमांड कर रहे थे। रकम देने से मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता के घर जाकर गाली-गलौज कर धमकी दिया करते थे। ब्लैंक चेक में अधिक राशि भरकर न्यायालय में केस कर वसूली की धमकी देते थे। तीनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2), 308(2) बीएनएस, कर्जा अधिनियम की धारा 4 के तहत कार्रवाई की गई।

- एक लाख कर्ज का दे चुकी है 12 लाख ब्याज

## बीएसपी में घुसकर स्क्रैप चोरी छह युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बीएसपी के भीतर अवैध रुप से प्रवेश कर लोहे का स्क्रैप चोरी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि केऔसुब इकाई बीएसपी ने भिलाई भट्ठी में चोरी की लिखित में शिकायत की थी। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्टिंग यार्ड के पास कुछ युवकों द्वारा अवैध रूप से प्लांट में प्रवेश कर लोहे का स्क्रैप चोरी किया जा रहा था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी महात्मा गांधी नगर, पावर हाउस, कैंप 2 निवासी राकेश कुमार सोनकर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। अप वाहन सीजी 07 सीवाई 2912 में स्क्रैप चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों में कैंप 2 शारदा पारा मिलन चौक निवासी आकाश राव पुरके, सेक्टर 4 निवासी नरेश कलेथ, सेक्टर 5 निवासी पुष्पेंद्र दीप, सेक्टर 5 निवासी मनोज कुम्भार, कैम्प 2 निवासी मनोज कुमार गुप्ता शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 16 नग लोहा स्क्रैप का वजन 1030 किलोग्राम है। कार्रवाई में भठ्ठी थाना प्रभारी प्रकाश कांत उनकी टीम का योगदना रहा है।

## नेशनल डिफेंस की 16 सदस्यीय टीम पहुंची भिलाई, बीएसपी का किया अवलोकन, थाने पहुंचकर क्राइम ट्रेंड को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नक्सल ऑपरेशन और विकास कार्यों की बारीकी को जानने और बीएसपी के भ्रमण के लिए नई दिल्ली स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज से 16 सीनियर अधिकारियों की टीम भिलाई पहुंची। टीम ने गुरुवार को अलग-अलग जगहों का भ्रमण कर व्यवस्था, कामकाज के बारे में जाना। इसके अलावा अधिकारियों ने भिलाई के मेडिकल कॉलेज और भिलाई नगर थाना का भी निरीक्षण किया। थाने में टीम ने पुलिस की कार्यप्रणाली, केस सुलझाने के तरीके और सुरक्षा व्यवस्था को समझा। अधिकारियों ने शहर में लगे कैमरा सिस्टम, निगरानी व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों की भी जानकारी ली। 2007 बैच के राजस्थान कैडर के आईपीएस और आईजी अमनदीप सिंह कपूर के मुताबिक यह दौरा कोर्स का ही एक हिस्सा है। एक साल का नेशनल स्ट्रैटेजी और सिक्योरिटी स्टडीज का कोर्स होता है, जिसमें देश और दुनिया की सुरक्षा से जुड़े अलग-अलग पहलुओं को समझाया जाता है।छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ जो काम हुआ है, वह काफी अहम है। इसे जानना उनके लिए एक सीख की तरह है। नक्सलियों का सफाया जिस तरह किया गया है, कई नक्सली हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं। टीम ने बस्तर क्षेत्र के जगदलपुर, कांकेर और कोंडागांव जैसे इलाकों का भ्रमण किया। वहां की संस्कृति, खानपान और भौगोलिक स्थिति को भी समझने का प्रयास किया।



### नेशनल डिफेंस कॉलेज टीम ने किया संयंत्र भ्रमण



**भिलाई।** नई दिल्ली स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज की उच्च स्तरीय टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण कर इस्पात निर्माण की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इसमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल थे। इस्पात भवन में बैठक के दौरान निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य व एसएसपी विजय अग्रवाल भी उपस्थित थे। उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने प्रस्तुतिकरण देकर उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इसके बाद टीम ने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में क्रूड स्टील निर्माण तथा यूआरएम में 130 मीटर रेल के रोलिंग की प्रक्रिया को देखा।

### दौरे के अंतिम दिन मुख्यमंत्री और राज्यपाल से करेंगे मुलाकात

आईजी अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि दौरे के अंतिम दिन यह दल सीएम, राज्यपाल से भी मुलाकात की जाएगी। इसके बाद सभी अधिकारी लौट जाएंगे। अवलोकन के दौरान संभाग आयुक्त एसएन राठौर, कलेक्टर अभीजीत सिंह, आईजी अभिषेक शांडिल्य, एसएसपी विजय अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। अमनदीप सिंह कपूर ने यह भी बताया कि इस दल में सेना के अधिकारी भी शामिल हैं, साथ ही कुछ विदेशी अधिकारी भी भ्रमण का हिस्सा हैं। सभी लोग यहां के अनुभव से सीख लेकर अपने-अपने क्षेत्र में इसका उपयोग कर सकेंगे।

## नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी



**भिलाई।** सीएसपीडीसीएल में जेई की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस को सेक्टर 7 निवासी पायल ने पुलिस में शिकायत किया था। पायल की 2 अगस्त 2023 को महाराजा चौक दुर्ग स्थित दुकान में आदर्स नगर जोन 2 पदमनाभपुर निवासी प्रिया देशमुख से मुलाकात हुई। प्रिया और उसके साथी रजत गुप्ता ने सीएसपीडीसीएल जेई के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये का डिमांड किया। जिसमें 10 लाख रुपये पीड़िता से महिला ने लिया था। माह नवम्बर 2023 में रायपुर सर्किट हाउस में पायल को एई पद का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। पुलिस ने प्रिया देशमुख को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## म्यूल अकाउंट में लेनदेन करने वाले 11 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### न्यायिक रिमांड में भेजे गए जेल



**भिलाई।** म्यूल खाते में लेनदेन को लेकर पुलिस ने 11 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में रेलवे कॉलोनी भिलाई नगर निवासी सूरज महतो, रूपेश यादव, न्यू कृष्णा नगर दीपक विश्वकर्मा,मॉडल टाउन नेहरू नगर मिथलेश यादव , सिद्धर्थ नगर दुर्ग इसाब मेहत्तर, आमापारा दुर्ग वेद प्रकाश ठाकुर, कादम्बरी नगर दुर्ग सुरेन्द्र यादव, कैम्प वन वृंदा नगर साहिल मेश्राम, राम नगर प्रशांत लाउत्रे, हाउसिंग बोर्ड कोहका भूपेन्द्र सोनी, पंजाबी मोहल्ला खुर्सीपार रंजीत कौर शामिल है। आरोपियों के पास से बैंक खाते, एटीएम व दस्तावेज जब्त किया गया। शिकायत हुडको निवासी अविनाश दुबे ने पुलिस को थी। आरोपियों द्वारा विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक अपने पास रखकर ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से अवैध लेन-देन करते थे। पुलिस ने 8 मोबाइल फोन, बैंक खातों से जुड़े एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड बैंक दस्तावेजों को जब्त किया है।

## वैभव ग्लास एंड एल्युमिनियम में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




वैभव ग्लास एंड एल्युमिनियम दुकान में अज्ञात ने वेंटिलेशन के रास्ते भीतर प्रवेश कर सामान पार करने का मामला सामने आया है।घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। दुकान के गल्ले से अज्ञात 50 हजार रुपए से अधिक नगद पार किया गया है। घटना 16 -17 मार्च की दरम्यानी रात की है। चोरों ने वेंटिलेशन में लगे एक्जास्ट फैन को तोड़कर भीतर प्रवेश किया था। चोरो की सारी करतुत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर चोरी की घटना में तीन युवक दिखाई दे रहें है। मोहन नगर पुलिस चोर को पकड़ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। वैभव ग्लास एंड एल्युमिनियम दुकान का संचालन संत कंवरनगर सिंधी कॉलोनी वार्ड 24 निवासी दर्शन रतनानी करते है। 16 मार्च की रात संचालक रोज की भांति रात को दुकान की शटर में ताला जड़कर वापस घर चले गए। दूसरे दिन सुबह दुकान खोले तो दुकान के पिछले हिस्से में लगे वेंटिलेशन का एक्जास्ट फैन टुटा व लटकता मिला। दुकान का गल्ला भी टूटा पड़ा मिला था। उसमें रखे गए नगदी रकम गायब मिले। संचालक ने सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

### हिन्दू नववर्ष व नवरात्र के मद्देनजर पार्षदों के आग्रह पर एल्मेक ठेका कंपंनी ने दी स्वयंसेवा

## चार एमआईसी मेंबर के छोड़ रिसाली के 29 वार्डों में चली सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नवरात्र का पावन पर्व व हिन्दू नववर्ष के मद्देनजर रिसाली निगम के 33 में से 29 वार्डों में सफाई चली। उन 4 वार्डों में सफाई नहीं चलाई गई जहां के पार्षदों ने एमआईसी मेंबर की हैसियत से ठेका अवधि को बढ़ाए जाने का विरोध किया था।

खास बात यह है कि दो दिवसीय यह सफाई एल्मेक ठेका एजेंसी ने स्वयंसेवा के रूप में दे रही है। कांग्रेस व भाजपा पार्षदों ने एक राय होकर नवरात्र पर्व पर ठेका एजेंसी से आग्रह किया था। जिसका गुरुवार का पहला दिन था।



### पांच महीने से भुगतान नहीं

ठेका एजेंसी का कार्य अवधि रिसाली निगम से पूरा हो गया है लेकिन इस एजेंसी का पांच महीने से पेमेंट भी नहीं कर पाई है। 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान इस एजेंसी को करना है। यानी एजेंसी 650 श्रमिकों को अपने पैसे दे रही है और काम करवा रही थी। ये श्रमिक अपनी रोजी-रोटी को लेकर चिंतित हैं। इसी चिंता की वजह से महापौर निवास का घेराव कर वे अपना आक्रोश जता चुके हैं। संगठन के पदाधिकारी इस समस्या को लेकर रणनीति भी बना रहे हैं।

### तीन दिन से उठ रही बदबू से मिली लोगों को राहत

रिसाली निगम में सफाई ठेका विवाद का रूप ले लिया है। 12 मार्च को महापौर शशि सिन्हा की मौजूदगी में आठ एमआईसी मेंबरों की बैठक हुई। इस बैठक में ठेका एजेंसी की अवधि नहीं बढ़ाई गई। जिसकी वजह से एजेंसी का कामकाज बंद हो गई। तीन दिन तक रिसाली निगम के बीएसपी क्षेत्र के 7 वार्डों को छोड़ 33 वार्डों में जगह-जगह कचरा डंप हो गया। नालियों की सफाई नहीं होन से बजबजाने लगी। गलियों व मार्केट क्षेत्र में नए ट्रेंचिंग स्पॉट क्रिएट हो गए। घरों से भी कचरा नहीं उठ पाया। जिसकी वजह से लोगों को बदबूयुक्त वातावरण से जूझना पड़ रहा था। गुरुवार को वार्डों में सफाई होने से लोगों ने राहत की सांस ली।



## खबर संक्षेप

### फेडरेशन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संभागीय संयोजक राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे, महासचिव अनुरूप साहू, छत्तीसगढ प्रदश तृतीय वर्ग कर्मचारी संध जिलाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी भानु प्रताप यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी संध संयोजक सुरेश साहू, संयोजक रोजगार विभाग शिवदयाल धृतलहरे, संयोजक शिक्षा विभाग सुखेन्द्र देवांगन एवं धर्मेन्द्र देशमुख, नगर निगम कर्मचारी संध संयोजक संजय शर्मा,श्रवण ठाकुर शामिल थे। उनकी मांगों में मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2016 से लंबित डी ए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाये। प्रदेश के चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान 8, 16, 24, 32 वर्ष में दिया जावे। मध्यप्रदेश की भांति प्रदेश में अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को पिगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

### होली मिलन और महिला सम्मान समारोह 22 को

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा 22 मार्च रविवार शाम 4 बजे से होली मिलन और महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन भिलाई तीन स्थित ग्राम सोमानी निधि(वन) रिसॉर्ट में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे है। अध्यक्षता सभापति कृष्णा चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि में पूर्व सभापति व कांग्रेसी नेता विजय जैन, एचटीसी डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू, भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल मेहता,भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य भोला साहू और पार्षद तुषांत वर्मा होंगे। जानकारी समाज के महासचिव तरुण निहाल ने दी।

### गुरुवार को नामांकनपत्रक लेने और जमा करने की प्रक्रिया शुरू

# अधिवक्ता संघ के चुनाव : 4 अप्रैल को मतदान, 5 अप्रैल को मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रति दो वर्ष में होने वाले जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 8, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 7, महिला उपाध्यक्ष के लिए 4, सचिव के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए 5, सहसचिव समान्य के लिए दो, महिला के लिए तीन, ग्रंथपाल तीन, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए दो, कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 और महिला कार्यकारिणी सदस्य के लिए 4 ने नामांकन फार्म लिया। इनमें से तीन ने गुरुवार को ही फार्म जमा भी कर दिया। बता दें कि अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए नामांकन फार्म 23 मार्च तक लिए जा सकेंगे। 23 मार्च तक ही दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक जमा होंगे। शुक्रवार को अध्यक्ष के लिए देवेंद्र गुप्ता, सचिव पद पर अधिवक्ता रविशंकर सिंह ने नामांकन फार्म जमा किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत जोशी और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए रविशंकर मानिकपुरी ने फार्म भरा।

## पहले दिन 4 लोगों ने जमा किया नामांकन फॉर्म



### कार्यकारिणी के लिए 17 ने लिया फॉर्म

कार्यकारिणी सदस्य के लिए गुरुवार को ही 17 सदस्यों ने फार्म लिए। इनमें मुकेश पांडेय, यीतेंद्र राजपूत, आनंद तिवारी, राजेश नायक, केशव वर्मा, शिव कुमार उइके, अमर जैन, बबीता गिरी, आदित्य चंद्रपक्षी, संजय विश्वकर्मा, अपर्णा मुखर्जी, जीवन लाल कोठले, कमल नयन चतुर्वेदी, शमीम बानो रिजवी, रविश राजपूत, निखिल सिंह, रंजित मिश्रा शामिल हैं। महिला वर्ग के लिए अनामिका गुहाराम, बॉबी ठाकरे, पुष्पा मोरिषा, गायत्री उपाध्याय शामिल हैं। 23 मार्च तक फार्म जमा होंगे। इसके बाद 25 मार्च को दोपहर ढाई बजे स्कूटनी होगी। इसके तुरंत बाद शाम 5 बजे सूची का प्रकाशन होगा। 27 मार्च को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया है। 4 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बार रूम क्रमांक 4 में मतदान होगा। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मतगणना और इसके अगले दिन यानी 6 अप्रैल को कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना होगी।

### अध्यक्ष पद के लिए 8 अधिवक्ताओं ने फॉर्म लिया

जानकारी के मुताबिक सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अधिवक्ताओं ने फार्म खराही। इसमें अध्यक्ष पद के लिए उमा भारती साहू, नीता जैन, मधूप शर्मा, गुलाब सिंह पटेल, संगीता सिंह, गिरीश चंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, देवेंद्र गुप्ता ने फार्म लिया। उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद फिलिप्स, प्रशांत जोशी, नीरज सिंह राठौर, चंद्रकांत चंदेल, पं. अजय मिश्रा, दिनेश सिंह राजपूत, बृजेश शुक्ला, महिलाओं में जया कुमारी श्रीवास्तव, रेखा रॉय, गुंजा सोनी, ललिता जोशी, सचिव रविशंक सिंह, हेमंत मिश्रा, विजय चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, साकेत मिश्रा, अमित अग्ने, प्रशांत अग्रवाल, साबिर चौहान, सहसचिव कृष्णराज चंदेल, सुमित रंजन दत्ता, महिलाओं में शशि यादव, संध्या, पूनम चंद्राकर, ग्रंथपाल के लिए ढालसिंह देवांगन, अजय शर्मा, राकेश यादव, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए रविशंकर मानिकपुरी, गुरुमीत सिंह, महिला वर्ग के लिए मोनिका सिंह, दशोदा, किरण गुप्ता शामिल हैं।

# नसबंदी के दौरान महिला की मौत के मामले में जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग

दुर्ग शहर के स्वास्थ्य विभाग में लगातार सामने आ रही लापरवाही एवं अनियमितताओं के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित जांच एवं कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि नसबंदी ऑपरेशन के दौरान हुई महिलाओं की मृत्यु के मामले में आज तक न तो वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाया है और न ही कोई जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। शासन द्वारा निर्धारित 2 लाख रुपये की मुआवजा राशि आज तक पीड़ित परिवारों को नहीं दी गई है। साथ ही यह भी सवाल उठाया गया कि ऑपरेशन में प्रयुक्त दवाइयों की खरीदी सीजीएमसी के माध्यम से न होकर अन्य स्त्रोतों से किए जाने की जानकारी सामने आई है। यदि दवाइयाँ अमानक थीं, तो अब तक दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई, यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी के बावजूद चिकित्सकों को सीएमएचओ कार्यालय में अटैच किया जाना गंभीर लापरवाही है, जिससे आम मरीजों को उपचार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरबीएसके टीम को एम्बुलेंस से भेजे जाने, दवाइयों की कमी तथा जांच व्यवस्था के केवल कागजों में सीमित रहने जैसे मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में टीबी मरीजों की जांच अधूरी है तथा थायराइड, बीपी एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के प्रति भी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आम जनता प्रभावित हो रही है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक दुबे, रायसिंह ढिकोला, प्रेमलता साहू, दुष्यंत देवांगन, केके सिंह, सुरेंद्र राजपूत, जमुना साहू, पोषण साहू, आनंद ताम्रकार, राहुल शर्मा आदि मौजूद थे।

## वैशाली नगर विस में विकास कार्यों के लिए 33 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 32 लाख 99 हजार 76 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से वैशाली नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें वार्ड क्रमांक 29 शिव मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड व चौक सौंदर्यीकरण हेतु 2.99 लाख रूपए तथा वृंदानगर दुर्गा मंदिर के पास पेवर ब्लॉक लगाने हेतु 3.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। घासीदास नगर जैतखाम के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5.00 लाख रूपए सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

## इंदिरा मार्केट के बंद कुएं में कचरा फेंकने पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में इंदिरा मार्केट स्थित निगम द्वारा किये गए इंदिरा मार्केट सौंदर्यकरण कुएं में कचरा फेंकने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। कुआं चौक के आसपास रहने वाले नागरिकों द्वारा नगर निगम प्रशासन को शिकायत दी गई थी कि बंद कुएं में लगातार कचरा डाला जा रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। शिकायत मिलते ही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर भेजी और कुएं की साफ-सफाई करवाई गई। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कुएं में कचरा डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कुएं को ढंक दिया गया है, लेकिन उसमें लगी जाली का एक हिस्सा खुला होने के कारण लोग उसमें कचरा डाल रहे हैं। निगम प्रशासन अब इस व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी में है, ताकि ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

आयुक्त ने आसपास के दुकानदारों एवं ठेला-खोमचा संचालकों से कहा कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# चार वार्डों में 2 करोड़ रुपए से बनेंगे 4 नए गार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में 4 नये उद्यान निर्माण किया जाएगा। शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से यह संभव हो सका है। मंत्री के वार्ड भ्रमण दुर्ग के नागरिकों ने बच्चों के खेलने और सुबह शाम टहलने के लिए व्यवस्थित उद्यान की मांग किये थे पर उन्होंने तत्काल विभागीय अधिकारीयों से इस्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजे जिस पर उद्यान बनाने की सहमति मिलने के साथ ही राशि भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने अपने वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों से संवाद किया था, जिसमें लोगों ने बच्चों



के खेलने और सुबह-शाम टहलने के लिए बेहतर और व्यवस्थित उद्यान की आवश्यकता जताई थी। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद शासन को प्रस्ताव भेजा गया, जिसे स्वीकृति मिलते ही राशि भी मंजूर कर दी गई।

उन्होंने बताया कि इन उद्यानों के निर्माण से बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में खेलने का अवसर मिलेगा, वहीं बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को सुबह-शाम टहलने, व्यायाम करने और समय बिताने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। यह उद्यान शहर के सामाजिक माहौल को भी बेहतर बनाने में सहयोगी होगा। इन उद्यानों में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम जैसी सुविधाएं विकसित करने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि हर आयु वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकें।वार्ड 45, पद्मनाभपुर 64.98 लाख, वार्ड 46, पद्मनाभपुर 15.54 लाख, वार्ड 49, विद्युत नगर 57.48 लाख, वार्ड 51, बोरसी 62.47 लाख की लागत से गार्डन बनेगा।

# झूलेलाल जयंती: श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाएं आस्था का पर्व

झूलेलाल जयंती सिंधी समाज का एक प्रमुख और पवित्र पर्व है, जिसे अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें सिंधी समाज जल के देवता और रक्षक के रूप में पूजते हैं। मान्यता है कि जब सिंध प्रदेश में लोगों पर अत्याचार बढ़ गए थे, तब भगवान झूलेलाल ने अवतार लेकर समाज की रक्षा की और उन्हें धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



इसलिए यह पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आस्था और साहस का प्रतीक भी है। इस दिन सिंधी समाज के लोग मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं।

झूलेलाल मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जाता है और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान की महिमा का गुणगान किया जाता है। कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जिनमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर "झूलेलाल बेरा ही पार" के जयकारे लगाते हैं।















## खबर संक्षेप

### निकुम में जली आस्था की ज्योति

**निकुम।** श्री सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बाजार चौक निकुम में विराजित हनुमान मंदिर निकुम में चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति



कलश श्रद्धा, भक्ति, आस्था के साथ गुरुवार को जली। मंदिर समिति की ओर से नौ दिन सेवा जस गीत होंगे। यहां प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, का पाठ होता है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सामूहिक पाठ करते हैं वहीं इस मंदिर में सत्य नारायण की पूजा आए दिन होते रहती है। निकुम सहित अंचल के ग्रामीणों, दानदाताओ के जन सहयोग भव्य मंदिर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा हैं, वही सभी जन, सहित सब राम काज में सहयोग कर रहे हैं। यहां हनुमान जयंती भी धूम धाम से मनाने की भी तैयारी चल रही है।

### चैत्र नवरात्रि की दी बधाई

**उतई।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू



ने प्रदेशवासियों को शक्ति उपासना के महापर्व चैत्र नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।

## निधन

### भैय्याराम साहू

**दुर्ग।** कसारीडीह आजाद चौक निवासी बीएसपी के सेवानिवृत्त



कर्मचारी भैय्याराम साहू (90 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बोरसी बेथनी कॉलेज के पीछे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे चेतनलाल साहू, तामेश्वर साहू, सुरेश साहू व दीपक साहू के पिता थे।

### शंकर लाल शर्मा

**दुर्ग।** कायस्थ पारा दुर्ग निवासी



शंकर लाल शर्मा 77 वर्ष का 19 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबाँधा मुक्ति धाम में किया गया। वे शीला शर्मा के पति व त्रिपेश शर्मा, तृप्ति, प्रीति, श्रुति शर्मा के पिता एवं तनीशी शर्मा के दादा थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत**
**बोरी वि.ख. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**बाजार नीलामी सूचना वर्ष 2026 - 27**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोरी के साप्ताहिक बाजार लगने वाले दिन क्रमशः शुक्रवार, सोमवार को दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक के लिए नीलामी दिनांक 20/03/2026 दिन शुक्रवार समय 2.00 बजे स्थान ग्राम पंचायत भवन बोरी में किया जावेगा इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित हैं। **नीलामी की शर्तें :-** 1. बाजार लगने वाले दिन क्रमशः शुक्रवार, सोमवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित टेक्स वसूल किया जाएगा। 2. इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने के लिए अमानत राशि 30000/- ग्राम पंचायत में जमा करना होगा। 3. नीलाम की उच्चतम बोली स्वीकार किया जाएगा। 4. बोली स्वीकार होने के तत्काल 50/- स्टाम्प व नीलामी मूल्य के पचास प्रतिशत राशि तत्काल ग्राम पंचायत में जमा करना होगा तथा शेष बचत राशि को एक माह के अंदर जमा करना होगा। 5. निर्धारित समय में राशि जमा ना होने की स्थिति में उक्त नीलाम निरस्त कर पुनः नीलामी किया जाएगा तथा पंचायत में जमा राशि राजसात कर दिया जाएगा। 6. नीलाम लेने वाले व्यक्ति द्वारा किसी अन्य को हस्तांतरित नहीं करना है। 7. ग्राम पंचायत के बकायादार को बोली की अनुमति नही दिया जायेगा। 8. बोली कर्ता को प्रत्येक बोली कम से कम 1000/- के अन्तराल बोली लगाना होगा। बोली लगाने के समय से लेकर संपन्न होते तक कमरा से बाहर नही जा सकता शर्ते के अवहेलना करने पर अमानत राशि जब्त किया जा सकता है। 9. बाजार स्थल की साफ सफाई स्वयं ठेकेदार द्वारा प्रत्येक सप्ताह करना होगा। 10. मंडई खर्च स्वयं ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। 11. उपरोक्त शर्ते के अतिरिक्त उक्त नीलाम का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत बोरी के पास रहेगा।

सरपंच ग्राम पंचायत बोरी
वि.ख. धमधा जि.-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**:: उदघोषणा ::**

रा.प्र.क्र.- 202603101200007 / अ-74 / वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नोकेश्वर कुमार पिता धनेश एवं अन्य 05 निवासी ग्राम विनायकपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम विनायकपुर प.ह.न. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में भूमिस्वामी हक स्थित खसरा नंबर 381/1, 381/2, 381/3, 381/4, 381/5, 805 रकबा क्रमशः 0.20, 0.28, 0.64, 0.41, 0. 21, 0.20 हे. भूमि का नक्शा बटांकन नहीं हुआ है। आवेदकगण उक्त वर्णित भूमि का नक्शा बंटाकन किया जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

## तर्रा के लता कुंज में ठेठवार यादव समाज का अधिवेशन आयोजित

# खेती और अन्य व्यापार से आज के दौर में मिलेगी ठेठवार समाज को आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव समाज पाटन राज का वार्षिक अधिवेशन तर्रा स्थित लता कुंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रचारक बिसरा राम यादव थे। उन्होंने कहा कि यादव समाज शौर्य का प्रतीक है। हमें दुग्ध व्यापार के साथ साथ खेती का भी काम पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा अन्य व्यापार में भी हमें आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि हम खुद संस्कारी होंगे तो बच्चे भी संस्कारवान बनेंगे। संस्कारवान समाज को विकास करने से कोई नहीं रोक सकता। समाज को सरकार को योजना के साथ जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। यादव समाज का पुरखा की जो भूमिका है उसे हमें निभाना पड़ेगा। विशेष अतिथि निक्की भाले ने समाज के पाटन स्थित भवन में चेकर टाइल्स लगाने के लिए पांच लाख की घोषणा की है। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत

**पूर्व प्रांत प्रचारक बिसरा राम यादव शामिल हुए आयोजन में**



अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, सरपंच विपिन चंद्राकर, समाज के संरक्षक खेमराज यदु, नंदकुमार यदु, प्रदेश कोषाध्यक्ष दाऊ राम यादव, पार्षद केवल देवांगन, देवेंद्र ठाकुर सहित समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए समाज की एकता और विकास पर जोर दिया। इसके बाद अतिथियों का शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

अधिवेशन के दौरान खुले मंच में सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। सामाजिक प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय भी लिए गए। अंत में आय-व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलराम यादव और अश्वनी यादव ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संतोष यादव, कोषाध्यक्ष अश्वनी यदु, सचिव अश्वनी यादव, जितेन्द्र यादव, राकेश यादव, संतोष यादव, यशवंत यादव, ईश्वर यादव, बलराम यादव, मोहन यादव, राजकुमार यादव, लेखराम यादव, जितेन्द्र कुमार यदु, यथवंत यादव, सुभाष यादव, हेमलाल यादव, पारसमणी, राजकुमार यादव, विजय कुमार यादव, धरमपाल, शशिशंकर यादव, संतोष यादव, जितेन्द्र यादव, रामबिलास, कमलेश कुमार यादव, पुरन लाल, संरक्षक-मदन यादव, चन्द्रशेखर यदु, इन्द्रजीत यादव, ओमप्रकाश यदु, उपाध्यक्ष कमलेश यादव, महेन्द्र यादव, मुनेश्वर यादव कोषाध्यक्ष-पवन यादव, सहसचिव सनत यादव, देवेन्द्र यादव, गोपाल यादव , मोहित यदु , त्रिभुवन यदु, उत्तम यादव, ललित यादव बेलौदी, सुनीता यदु, भारती यदु, कुंती यादव, उत्तरा यादव, सचिव मंजूलता यादव, गायत्री यादव, संध्या यदु, सुनीता यदु, रानी यदु, अरूणा यादव, दुलारी यदु, पल्लवी यदु, हेमवर्षा, देवकी यदु, प्रभा यद, मालती यदु, दुर्गा यदु, श्यामा बाई, शैलेन्द्री यादव, बालाराम यादव आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कुर्मी समाज ने किया समाज सेवकों का सम्मान



**पाटन।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पतन राज महिला पुरुष एवं बालिका समूह ने होली मिलन का आयोजन किया। जिसमे वरिष्ठ समाज सेवियों का सम्मान किया गया। होली मिलन समारोह में बालिकाओं द्वारा समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई साथ ही अनन्या वर्मा द्वारा योग से रहे निरोग का संदेश देते हुए योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। हास्य कवि ऋषि कुमार वर्मा कृष्ण कुमार भारतीय और मनीराम साहू ने हास्य कविता सुनाई। होली मिलन समारोह में लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले समाजसेवी चंद्रिका प्रसाद वर्मा, विमला वर्मा, मोतीलाल वर्मा, हेमलता वर्मा, हीरा देवी वर्मा, परमानंद वर्मा, कांति वर्मा, कौशल्या वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, ईश्वर लाल वर्मा, चंन्नू वर्मा, झालाराम वर्मा, डोमन वर्मा, अलखराम वर्मा, जवाहर वर्मा, जय श्री वर्मा, अरविंद वर्मा, महेश वर्मा उषा वर्मा के अलावा स्व कमल विनायक के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए मरणोपरांत पत्नी श्रीमती सुकबती विनायक को प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। समारोह में बालिका समूह द्वारा मनवा कुर्मी समाज को दैनिक उपयोग के लिए इंडक्शन पानी बोतल के अलावा अन्य सामग्री भेंट की गई। मुख्य अतिथि आशीष वर्मा ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मनवा कुर्मी समाज के द्वारा लगातार सभी क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन, कमलेश वर्मा जनपद उपाध्यक्ष पाटन, उर्वशी वर्मा जनपद सदस्य, कुसुम लता राकेश, रश्मि, भेद प्रकाश वर्मा, जनपद सदस्य भास्कर वर्मा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम कश्यप, पार्षद नगर पंचायत पाटन और मनोज वर्मा अधिवक्ता रायपुर की उपस्थिति रही। होली मिलन समारोह में महिला अध्यक्ष रंजना वर्मा, युवा अध्यक्ष राकेश पाटिल और बालिका समूह प्रमुख भावना वर्मा के अलावा सभी क्षेत्र प्रधान दुष्यंत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने देखी विस सत्र की कार्यवाही



**दुर्ग।** विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र यादव समाज के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखी। वहीं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा से मुलाकात भी की। विधायक ललित चंद्राकर ने यादव समाज के जनप्रतिनिधियों को विधानसभा की कार्यवाही की जानकारी देते हुए सरकार की योजनाओं के संबंध में बताया। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हुए उनका समाधान करना है। अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है। विधानसभा भ्रमण करने वाले में गुलेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, उमाशंकर यादव, दिनेश कुमार यादव, ईश्वरी यदु, राजेंद्र यादव, कृष्ण यादव आदि शामिल हैं।

### मेंटनेंस नहीं करने से बंद पड़ी है सोलर लाइट

**सेलूद।** पाटन विधानसभा के लगभग सभी गाँव में सोलर लाइट लगी है लेकिन क्रेडा विभाग के द्वारा मेंटनेस नहीं करने के कारण ग्रामीणों और राहगीरो को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बिजली की बचत करने और



चौक चौराहो को लाइट प्रदान करने के उद्देश्य से गाँव गाँव में तत्कालीन मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के दौर सोलर लाइट लगाई गई थी। लेकिन विभाग द्वारा बैटरी उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर सोलर लाइट का मेटनेस कार्य नहीं किया जा रहा है। कोई सोलर लाइट के सभी लाइट बंद हो चुके है तो कुछ के एक दो लाइट जल रहे है तो कुछ लाइट एक दो घंटा चलने के बाद भी बंद हो जाते है। ग्रामीणों ने कहा कि बैटरी नहीं होना समझ से परे है वही लाइट के सोलर पैनल को पानी से धोने से भी कई सोलर लाइट ठीक हो सकती है। लेकिन विभाग के कर्मचारियों को फोन करने पर फंड व समान की कमी बताकर मेटनेस कार्य नहीं किया जाता है। इस प्रकार यह विभाग लाखों रुपये से लगे सोलर लाइट को कबाड जैसे स्थिति में पहुंचा दिया है लेकिन क्रेडा विभाग के लापरवाही पुर्ण रवैया के कारण सोलर लाइट खराब होने की सूचना देने के बाद सुधार कार्य नहीं हो रहा है । कर्मचारी के इस अडियल रवैये से सभी ग्रामीण परेशान है।

### बोहरा समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद

**भिलाई।** बोहरा समुदाय ने ईद का पवित्र त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। इस मौके पर मुल्ला साहब मोहम्मद



लोखंडवाला की सरपरस्ती में ईद की नमाज़ अदा की गई। समाज के सभी सदस्य दुर्ग स्थित कम्युनिटी हॉल में एकत्रित हुए, जहां ईद का ख़ुत्बा पढ़ा गया। इस दौरान में प्रमुख रूप से मुल्ला अकील अहमद, जमील अहमद, जुल्फिकार अली, अली अकबर, जुज़र बद्री, अली अब्बास, मुस्तफा अब्बासी, अली असगर, मुर्तुज़ा अब्बासी और जुज़र अहमद सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने मिलकर भाईचारे, एकता और शांति का संदेश दिया तथा ईद के इस पावन पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

### श्री स्वामी समर्थ प्रकट उत्सव आज

**भिलाई।** श्री स्वामी समर्थ महाराज का प्रकट उत्सव श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल के तत्वावधान में अनिरुद्ध प्रिंटर्स, सुपेला मार्केट के प्रांगण में 20 मार्च को मनाया जाएगा। 17 वें वर्ष के इस आयोजन में श्री स्वामी समर्थ की विधिवत पूजा अर्चना, भक्ति संगीत, भजनों की अंताक्षरी एवं भजन की अगली पंक्ति गाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके साथ ही साथ श्री स्वामी समर्थ के जीवन पर एक लघु नाटिका एवं उनके जीवन गाथा पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 9:00 बजे तक चलेगा।

## इंडेरा राशन दुकान में आधा महीना बीतने के बाद भी नहीं पहुंचा चावल-शक्कर, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पालिक निगम रिसाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंडेरा की राशन दुकान में इस माह आधा महीना बीत जाने के बाद भी राशनकार्ड हितग्राहियों के कोटे का चावल और शक्कर नहीं पहुँचा है। इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वे बार-बार राशन दुकान का चक्कर लगाकर वापस लौटने को मजबूर हैं।

इस संबंध में नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने खाद्य विभाग के अधिकारी को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि डुंडेरा राशन दुकान में किसी भी श्रेणी के राशनकार्ड हितग्राहियों का चावल अभी तक नहीं पहुँचा है।

तरुण बंजारे ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है, क्योंकि ग्रामीणों को शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत मिलने वाले अनाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने खाद्य अधिकारी से मांग की है कि शीघ्र ही राशन दुकान में चावल और शक्कर की व्यवस्था कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जानकारी लेने के लिए खाद्य अधिकारी टिकेश्वर साहू को फोन लगाने में फोन नही उठाया।

## भक्त माता कर्मा त्याग और सेवा की प्रतीक समाज को जोड़ने वाली महान विभूति : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

समीप के ग्राम बेंद्री में साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज की मातृ शक्तियों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसके

- **बेंद्री में साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह मनाई**

बाद अतिथियों द्वारा कृष्ण कर्मा मंदिर में आरती-पूजा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा त्याग, सेवा और समाज को जोड़ने वाली महान विभूति थीं। उनके जीवन से हमें परिश्रम, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जब भी दान, सेवा और समाज हित की बात आती है, साहू समाज हमेशा अग्रणी भूमिका में रहता है। बघेल ने



स्थानीय साहू समाज की मांग पर 5 लाख रुपए देने की घोषणा किए।

कार्यक्रम को जिला महासचिव अश्वनी साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने भी संबोधित करते हुए तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की।इस अवसर पर समाज द्वारा सेवानिवृत वरिष्ठजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। मौके पर मुख्य रूप से सरपंच माया मडरिया, विमला साहू, संतोष साहू,अर्जुन साहू, गोपेश साहू, सरिता साहू, बलराम साहू, नंदकुमार साहू, नरेंद्र साहू, रवि साहू, भास्कर साहू, दिनेश साहू, माहेश्वरी साहू, केशर हिरवानी, राजेंद्र हिरवानी, पुरुषोत्तम साहू, सहदेव साहू, सुंदर लाल साहू, बसंत साहू, राम खिलावन साहू, गजेन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### हाइटेक में पहली पिनाइल इम्प्लांट सर्जरी, लौटी युवक की खुशियां



**भिलाई।** हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक युवक की पिनाइल इम्प्लांट सर्जरी की गई। उसकी लगभग एक साल पहले ही शादी हुई थी पर वह संबंध बनाने में नाकाम था। पहले उसका इलाज औषधियों और इंजेक्शन से किया जा रहा था, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा था। यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन वैष्णव ने बताया कि वैवाहिक जीवन के आरंभ में कुछ दिक्कतें आना स्वाभाविक माना जाता है। पर इस दंपती की समस्या काफी गंभीर थी। दंपती का मनोबल कमजोर हो गया था और शादी टूटने के कगार तक जा पहुंची थी। जांच करने पर पता चला कि वह वीनस लीकेज की समस्या से जूझ रहा था। वीनस लीकेज में उत्तेजित होने पर रक्त का प्रवाह पुरुषांग की ओर आता है पर नसों में लीकेज की वजह से वह वहां ठहरने के बजाय वापस लौट जाता है। इसे नसों की कमजोरी भी कहा जाता है। डॉ. वैष्णव ने बताया कि 30 वर्षीय इस युवक को इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उसे पिनाइल इम्प्लांट के बारे में बताया गया। दंपती को विश्वास में लेने के बाद उसकी इम्प्लांट सर्जरी की प्लानिंग की गई। सर्जरी पूरी तरह सफल रही। उसे इम्पोर्टेड इम्प्लांट लगाया गया है। अब वह पूरी तरह ठीक है और उनका दाम्पत्य जीवन भी बेहतर हो गया है।

### गेट 2026 में आई-गेट के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



आशिष कुमार (2) | रूपम साहू (174) | संस्कार सिंह पवार (643) | ऋषिकेश चंद्रा (750) | प्रियांशु मिश्रा (868) | साईनाथ रमेश अय्यर (919)

**भिलाई।** आईआईटी गुवाहाटी ने गुरुवार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इंजीनियरिंग (गेट-2026) का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें देश भर से लाखों विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इन लाखों स्टूडेंटस में टॉप-10 में आई-गेट के आशिष कुमार ने ऑल इंडिया में दूसरी रेंक हासिल कर इंस्टीट्यूट की टॉपर वाली परम्परा को एक नयी ऊचाई दी हैं। इंस्टीट्यूट के लगभग 90 प्रतिशत छात्रों नें गेट की परीक्षा में क्वालिफाई किया है। आई-गेट के डायरेक्टर सिद्धार्थ शुक्ला के अनुसार जिन छात्रों की रैंकिंग 1000 के अन्दर है उन्हें आईआईटी की तरफ से कॉल किया जाएगा। गेट 2026 में सफल छात्रों में आशिष कुमार (रैंक 2) ने कहा की आई-गेट कोचिंग में मिलने वाली गाईडेन्स, मोटीवेशन और रेगुलर टेस्ट सिरिज गेट में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। रूपम साहू ( रैंक 174) ने अपनी सफलता के लिए कोचिंग के टिचर और डायरेक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का धन्यवाद ज्ञापित किया। सिद्धार्थ शुक्ला ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 1000 के अन्दर रेंक हासिल करने वाले भिलाई के लगभग सभी छात्र संस्था में अध्यनरत थे। संस्था की स्थापना के बाद प्रतिवर्ष गेट की परीक्षा में कोचिंग के छात्रों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। इस वर्ष संस्था से 1500 के भीतर रैंक लाने वाले छात्रों में आशिष कुमार (2), रूपम साहू (174), संस्कार सिंह पवार (643), ऋषिकेश चंद्रा (750), प्रियांशु मिश्रा (868), साईनाथ रमेश अय्यर (919), सौरभ सोनी (1400), मनप्रीत सिंह सलूजा (1489) आदि शामिल हैं।

## तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर, जय शक्ति आश्रम में दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के ग्राम निकुम स्थित तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर, जय शक्ति आश्रम में चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ 19 मार्च को हुआ। यह धार्मिक आयोजन 27 मार्च तक चलेगा, जिसमें हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिलगी। महायज्ञ के पहले दिन गुरुवार को मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में रंग गया। आरती जय जननी जय जय मां के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में भक्तजन इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नित्य आहुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही पूरे आयोजन में लगातार धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और आरती का क्रम चलता रहेगा। आयोजकों का मानना है कि यह धाम भविष्य में प्रदेश की धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में यहां श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे यह महायज्ञ क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक आकर्षण बन गया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संयंत्र के कोक ओवन में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग द्वारा आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का समापन समारोह हुआ। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा तथा मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने की। महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, समंता रे, के. नंदकुमार,एस. बी. पाटिल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं यूनियन के प्रतिनिधि वकर्मचारी संविदा कर्मी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने किया बीएसपी का शैक्षणिक भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में रामकृष्ण मिशन इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आरकेएमआईटीआई), नारायणपुर तथा बीएसपी और आईआईटी भिलाई के मध्य संपन्न समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत मानव संसाधन विकास केंद्रभिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विद्यार्थियों एवं फैकल्टी मेंबर्स के लिए संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। आरकेएमआईटीआई, नारायणपुर के 85 विद्यार्थियों व 10 संकाय सदस्यों ने संयंत्र का भ्रमण किया। इनके साथ संस्थान के समन्वयक सुनील कुमार और रवि कुमार ठाकुर उपस्थित थे।
संयंत्र भ्रमण से पूर्व प्रतिभागियों को एचआरडीसी में सेफ्टी विभाग द्वारा सुरक्षा वार्ता में उन्हें संयंत्र में पालन की जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, सुरक्षा प्रक्रियाओं तथा परिचालन क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन के संबंध में जानकारी दी गई।

## गर्मी की समस्या : जिलों ने नहीं भेजी अब तक डिमांड

# तीन जिले के 900 तालाबों में निस्तारी संकट, जलाशयों में 85% है जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गर्मी सीजन में निस्तारी संकट खड़ा हो गया है। नवरात्र का पर्व भी शुरू हो गया है। 8 दिनों के बाद जंवारा विसर्जन भी तालाबों में किया जाना है। लेकिन अभी तक तालाबों के लिए पानी छोड़ने के लिए बालोद जल संसाधन विभाग को डिमांड नहीं भेजा गया है।

खास बात यह है कि चारों जलाशयों में इस साल भरपूर पानी है। तादुंला जलाशय से तीन जिलों के तालाबों में पानी पहुंचाया जाता है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के लगभग 900 तालाबों में पानी पहुंचाने के लिए मार्च महीने में तीन बांध के गेट खोले जाते हैं।

**नवरात्र से पहले छोड़ा जाता रहा है जलाशय से पानी**



### नहीं हो पाई है जल उपयोगिता समिति की बैठक

हर साल निस्तारी तालाबों को भरने के लिए जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक होती है। इस बैठक में तालाबों को भरने के लिए तादुंला जलाशय से जरूरत के हिसाब से पानी की डिमांड की जाती है।इस बार नवरात्र शुरू हो गया है और तालाबों में पानी की जरूरत है। लेकिन अब तक जल उपयोगिता समिति की बैठक नहीं हो पाई है। डिमांड नहीं किए जाने की वजह से नहरों की सफाई भी नगरीय निकायों ने शुरू नहीं किया है। पिछले साल वर्ष 2025 में दुर्ग भिलाई के 69 तालाबों को भरने के लिए तादुला जलाशय से 200 क्यूसेक पानी की डिमांड की गई थी।

### डिमांड के अनुसार देंगे पानी

विभागीय अफसरों के अनुसार तांदुला सहित सभी बांधों में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा हुआ है। ऐसे में डिमांड अनुरुप पानी छोड़ा जाएगा। बीएसपी सहित चार जिले बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव के लिए महत्वपूर्ण 123.30 फीट जलभराव क्षमता वाली चार बांध में वर्तमान में करीब 100 फीट पानी भरा है।

### तांदुला में 33.80, गोंदली में 32.30 और खरखरा में 27 फीट है पानी

सिंचाई विभाग के अनुसार तांदुला बांध में 33.80 फीट पानी भरा है। जनवरी में 36.30 फीट पानी भरा था। इस लिहाज से जलस्तर घटते क्रम पर है। यहां की निर्धारित जलभराव क्षमता 38.50 फीट है। वर्तमान में निर्धारित क्षमता से 4.70 फीट कम पानी है। यहां का जलस्तर तीन माह में 3.30 फीट कम हुआ है। खरखरा में 27 फीट पानी है। जो निर्धारित जलभराव क्षमता से 3 फीट कम है। गोंदली बांध में 32.30 फीट पानी है। जो निर्धारित जलभराव क्षमता से 1.80 फीट कम है।

### बांधों में पिछले तीन साल की तुलना में इस बार है ज्यादा पानी

विभाग के मुताबिक पिछले तीन साल की तुलना में ज्यादा पानी भरा है। चारों बांध में 85 प्रतिशत से ज्यादा पानी भरा है। तांदुला बांध में 200 एमसीएम से ज्यादा पानी भरा है। वर्ष 2024 में 200 एमसीएम से कम पानी भरा था। इसी तरह गोंदली जलाशय में वर्तमान में 90 एमसीएम पानी भरा है। वर्ष 2024 में 39.01 एमसीएम और 2025 में 56.64 एमसीएम पानी भरा था। बीएसपी के लिए महत्वपूर्ण खरखरा बांध में वर्तमान में 100 एमसीएम से ज्यादा पानी भरा है। मटियामोती बांध में वर्तमान में 20 एमसीएम पानी है।

### रबी सीजन में गेट बंद रहा जलभराव स्थिति बेहतर

रबी सीजन में सभी बांध के गेट बंद रहे। सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा गया। इस वजह से भी जलभराव स्थिति बेहतर है। हर साल मानसून सीजन के बाद कम मात्रा पानी होने का हवाला देकर रबी सीजन के लिए पानी नहीं छोड़ेंते थे लेकिन इस बार पर्याप्त मात्रा में पानी होने के बावजूद निर्णय बरकरार रखा। विभागीय अफसरों ने रबी सीजन में फसल के लिए पानी छोड़ेंगे या नहीं? यह निर्णय शासन स्तर पर छोड़ दिया था। शासन स्तर से भी रबी सीजन में पानी छोड़ने अनुमति नहीं दी गई। इस वजह से सभी बांध के गेट बंद रहे। इधर निस्तारी संकट को देखते हुए लोगों ने जलाशय से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

### जानकारी मांगी है कितने पानी की जरूरत

इस बार बारिश अच्छी होने की वजह से चारों जलाशयों में 85 से 88 प्रतिशत जलभराव है। इसलिए तालाबों के लिए पानी देने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। तीन जिलों को हम पानी देते हैं। इसलिए कितनी पानी की जरूरत पड़ेगी इसकी जानकारी मांगी है। बालोद से बेरला तक तालाबों को भरने पानी देंगे।

**पीयूष देवांगन,**
ईई जल संसाधन विभाग बालोद

## पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए कुम्हारी से अंजोरा तक बनाया ट्रैफिक कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ 19 मार्च से 27 मार्च तक विशेष व्यवस्था

चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस विशेष सुरक्षा व्यवस्था शुरु किया है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा से अंजोरा बाईपास तक पदयात्रियों के लिए पृथक सुरक्षित कोरिडोर निर्धारित गया है। 27 मार्च तक मार्ग में 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात लगे रहेंगे। 24 घंटे इसकी निगरानी रखते हुए पीए सिस्टम के माध्यम से पदयात्रियों को सड़क के बाएं ओर चले। ट्रैफिक पुलिस के नियमों का पालन करने निर्देश जारी किया है। कुम्हारी टोल प्लाजा -सिरसा गेट चौक-डबरापारा तिराहा -खुर्सीपार तिराहा-पावर हाउस अंडर ब्रिज -मुर्गा चौक -सेंट्रल एवेन्यू- सेक्टर 9 चौक -एमडी बंगला तिराहा-ठगड़ा बांध ओवरब्रिज के नीचे- जेल तिराहा -गांधी तिराहा -पटेल चौक -गंजपारा- पुलगांव चौक- शिवनाथ नदी ब्रिज -अंजोरा बाईपास-राजनांदगांव -डोंगरगढ़ तक पहुंचेंगे।

## जोन क्रमांक 3 में नवरात्रि के अवसर पर सड़कों की विशेष सफाई शुरू

**भिलाई।** चैत नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत जीई रोड मुख्य मार्ग पर विशेष साफ.सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पद यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुख्य मार्गों की नियमित सफाई के साथ.साथ कचरा उठावए नालियों की सफाई और सड़क किनारे जमी गंदगी को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विशेष रूप से उन मार्गों पर ध्यान दिया जा रहा हैए जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए मंदिरों तक पहुंचते हैं। चैत नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। इसके लिए सफाई कर्मियों की तैनाती भी की गई है ताकि मार्ग पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित बने रहें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और शहर की स्वच्छता भी बनी रहेगी। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।




## नकटा तालाब को निगल रहे भू-माफिया, संदेहास्पद है नगर निगम की चुप्पी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भिलाई के ऐतिहासिक नकटा तालाब खसरा नं. 1348 के अस्तित्व को बचाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगर निगम और भू-माफियाओं के बीच चल रहे गठबंधन पर प्रहार किया है। जसप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन की नाक के नीचे तालाब की मेढ़ काटी जा रही है और अधिकारी केवल कागजी सौंदर्यीकरण का झुनझुना दिखा रहे हैं। जसप्रीत सिंह ने कहा कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है, लेकिन जब तालाब के सीमांकन की बारी आती है, तो नगर निगम महीनों लगा देता है। यह देरी और कुछ नहीं, बल्कि भू-माफियाओं को कब्जा करने के लिए दिया गया वॉकओवर है। हमने मांग की है कि तालाब का तत्काल डिजिटल सीमांकन आधुनिक तकनीक से कराया जाए ताकि सीमा में एक इंच की भी हेराफेरी न हो सके। जसप्रीत सिंह ने नगर निगम की कार्यशैली पर तंज कसते हुए कहा कि तालाब के संरक्षण के नाम पर लाखों रुपए के पेवर ब्लॉक लगाए गए, लेकिन विडंबना यह है कि आज उन्हीं को काटकर भू-माफियाओं के लिए निजी रास्ता बनाया जा रहा है। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की बंद कमरे वाली जांच स्वीकार्य नहीं होगी। जसप्रीत सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

■ आप नेता ने मुख्यमंत्री से की लिखित शिकायत, तालाब के डिजिटल सीमांकन और तत्काल घेराबंदी की मांग

## बेतहाशा किराया वृद्धि से जूझ रहे सैकड़ों रिटायर रिटेंशनधारियों को बंधी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बेहतहाशा किराया वृद्धि की समस्या से जूझ रहे टाउनशिप के सैकड़ों सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों को सुप्रीम कार्ट के दिशा निर्देश से नई उम्मीद बंधी है। न्यायालय की गाइड लाइन के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ और यूनियन ने बीएसपी के सेवानिवृत्त आवासधारियों को मानवीय दृष्टिकोण से आवास में बने रहने देने और निर्देशित पैनल रेंट पर अमल किए जाने की मांग की है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के आलोक में संतुलित एवं मानवीय आधार अपनाने की मांग की गई है।

सेल की यूनिट बोकारो स्टील प्लांट के एक रिटायर कर्मचारी द्वारा प्रबंधन द्वारा आवास खाली कराने व ग्रेज्युटी भारी राशि काटे जाने के मामले में सर्वोच्च न्यायाल में याचिका दायर कर न्याय की गुहार की गई थी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद कंपनी द्वारा प्रदत्त आवास (स्टाफ क्वार्टर) खाली नहीं करता है, तो नियोक्ता संस्था को उसके ग्रेच्युटी से दण्डात्मक किराया (पैनल रेंट) समायोजित करने का अधिकार है। न्यायालय ने अपने दिशा निर्देश में कहा है कि आवास खाली करने का दायित्व एवं ग्रेच्युटी का भुगतान दोनों परस्पर और समान रूप से जुड़े हुए दायित्व हैं। न्यायालय ने रिटायर आवासधारी से कठोर नीति लागू करने के बजाय समानुपातिक दृष्टिकोण अपनाते हुए सीमित दर से किराया निर्धारित करने कहा है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पूरी ग्रेच्युटी समाप्त न हो जाए। उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप में चौदह सौ रिटेंशनधारी 32 गुना किराया वृद्धि व रिटेंशन स्कीम को समाप्त कर देने के खिलाफ बेघर होने की कगार पर हैं। प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके खिलाफ रिटेंशनधारी व यूनियनें तथा विधायक आंदोलन कर रहे हैं। लोईमू के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने बताया कि सुको के गाइड लाइन के आधार पर बीएसपी प्रबंधन को सेवानिवृत्त आवासधारियों के मामले में मानवीय आधार अपनाने की मांग की गई है। पूर्व में भी सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा है कि क्वार्टर पर अनधिकृत कब्जा होने की स्थिति में दण्डात्मक किराया स्वाभाविक परिणाम है, जिसे ग्रेच्युटी सहित देय राशि से समायोजित किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में 1 हजार से ज्यादा पैनल रेंट नहीं वसूलने के निर्देश दिए हैं।

■ बोकारो आवास मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा न्याय संगत हो पैनल रेंट

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति

अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारी कई परिस्थितियों के कारण तत्काल क्वार्टर खाली करने में असमर्थ होते हैं। वैकल्पिक आवास की अनुपलब्धता,आर्थिक कठिनाइयों,चिकित्सा या पारिवारिक आपात स्थिति और सेवा के दौरान लंबित देयकों का भुगतान न हो पाने जैसे हालात होते हैं। ऐसी स्थिति में नियोक्ता या संस्थान द्वारा रिटायर आवासधारी को कठोर दण्डात्मक किराया लगाकर उनकी संपूर्ण ग्रेच्युटी समाप्त कर देना अत्यंत अन्यायपूर्ण एवं अमानवीय होगा। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अधिकवक्ता के अलावा लोईमू के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा मांग की गई है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मानवीय आधार पर उचित समय दिया जाए, ताकि वे वैकल्पिक आवास की व्यवस्था कर सकें। सुको के गाइड के अनुरुप दण्डात्मक किराया न्यायसंगत और सीमित दर पर निर्धारित किया जाए और ग्रेच्युटी को पूर्णतः समाप्त करने वाली कठोर वसूली से बचा जाए। साथ ही आवास खाली करने के लिए व्यवस्थित और चरणबद्ध नीति बनाई जाए। विशेष परिस्थितियों (बीमारी, पारिवारिक संकट आदि) में राहत/छूट प्रदान की जाए।

### मानवीय पक्ष को दें महत्व

सेवानिवृत्त कर्मचारी संस्थान की वर्षों की सेवा के बाद सम्मानजनक व्यवहार के अधिकारी हैं। न्यायालय द्वारा भी संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए यह संकेत दिया गया है कि कानूनी अधिकारों के साथ मानवीय पहलू को भी महत्व दिया जाना चाहिए। संबंधित प्रबंधन/संस्था से अनुरोध है कि वे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाते हुए उन्हें उचित समय एवं राहत प्रदान करें। तय पैनल रेंट व ग्रेज्युटी मामले में निर्णय का पालन होने से कर्मियों को राहत मिलेगी। सुको के निर्णय से बीएसपी के रिटायर आवासधारियों को नई आशा बंधी है।

**राजेंद्र परगनिया,** कार्यवाहक अध्यक्ष लोइमू

### बीएसपी की राजभाषा कार्यशाला आयोजित

**भिलाई।** बीएसएनएल कार्यालय में भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग के सहयोग से राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि (दूरसंचार) छग परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार छबलानी थे। अतिथि वक्ता उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने राजभाषा में सभी कार्यालयीन कार्य करने की विभागीय प्रतिबद्धता को दोहराया। श्री मानिकपुरी ने राजभाषा अधिनियम तथा राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बीएसएनएल की उप प्रबंधक अनुराधा धनांक व धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त महाप्रबंधक लोचन सिंह नायक ने किया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
दुर्ग - भिलाई शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 2000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## तकनीकी मानकों का बारीकी से किया निरीक्षण

# खुर्सीपार क्षेत्र में सिवरेज का कार्य जल्द पूर्ण हो : आयुक्त पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन 4 खुर्सीपार अंतर्गत डामरीकरण सड़क, प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल, पेवर ब्लाक सहित सिवरेज लाईन का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सड़क की मजबूती और तकनीकी मानकों का बारीकी से जायजा लिया।

निगम आयुक्त ने स्थानीय पार्षद शुभम झा के साथ वार्ड क्रमांक 48 जोन 3 अंतर्गत नवीन डामरीकरण एवं प्रस्तावित सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होने प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का अवलोकन किये और उपस्थित अधिकारियों को कार्य जल्द प्रारंभ कराने कहा गया है। जिससे आम नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। आयुक्त ने वार्ड में सौंदर्यीकरण की दृष्टि से लगाए गये पेवर ब्लाक का निरीक्षण किया। पेवर ब्लाक पूर्व से लगे होने के कारण बीच-बीच से उखड़ गया है, जिसे व्यवस्थित कराने कहा गया है।

वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार क्षेत्र में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण कार्य का जायजा लिए और संधारण कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा है। साथ ही उन्होने लिकेज की समस्या न आए इस पर विशेष ध्यान देने कहा है। पेयजल प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किये हैं, सभी स्थलों में टैब एवं वॉल लगाने को कहा गया है। भवन निर्माण सामग्री रखकर रोड बाधित करने वाले व्यक्तियों के ऊपर कड़े कार्रवाई हेतु निर्देशित किए हैं । नियमानुसार आवागमन बाधित करना दंडनीय है और निर्माण कार्य में ग्रीन नेट लगाना होता है।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


## रूप कई लेकिन अर्थ एक ही

ट्विनसिटी में विभिन्न धर्म व समाजों के लोग रहते है जहां सभी अपने-अपने रीति- रिवाजों से त्यौहारों को सेलिब्रेट करते है। चैत्र नवरात्र पर तेलगू समाज द्वारा आंध्र प्रदेश का नववर्ष उगादि के रूप में मनाया। तो वहीं मराठी परिवारों में अपना नया साल 'गुड़ी-पड़वा' के रूप में सेलिब्रेट किया। सिंधी समाज द्वारा साईं झूलेलाल की पांच दिवसीय जंयती का भव्य आयोजन भी किया जा रहा है।



## लाइव इवेंट

### करिअर के पीछे भागते युवाओं से परिवारों में हो रहा नुकसान, सामाजिक स्थिति घातक





■ प्रगती महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर-2 का आयोजन

**भिलाई।** प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 के सभागार में वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने वर्तमान में महिलाओं की सामाजिक स्थिती, कुटुंब व्यवस्था की बदलती परिभाषा, एकल परिवार एवं करिअर के पीछे भागते हुये परिवार में हो रहे नुकसान और देश के लिये घातक बताया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भिलाई महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ संध्या मदनमोहन श्रीवास्तव उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं माता जिजाबाई, लक्ष्मीबाई और अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर की गई। जिसके बाद गर्विता दत्ता द्वारा गणेश वंदना और कथक नृत्य और सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा पूजा, मोनालिका, सपना और आरुषी ने लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुती दी। बैंक की अध्यक्ष अश्विनी नागले ने स्वागत भाषण में बैंक की 30 वर्ष की उपलब्धियों को बताते हुए बैंक महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के अलावा सामाजिक कार्य कर अपना दायित्व पूर्ण करने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि संध्या मदन मोहन ने वर्तमान में महिलाओं की सामाजिक स्थिती, कुटुंब व्यवस्था की बदलती परिभाषा, एकल परिवार एवं करिअर के पीछे भागते हुये परिवार में हो रहे नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए देश के लिये कितना घातक है इस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बैंक की 15 शेअर होल्डर महिलाओ को उनके सामाजिक कार्य और उपलब्धियों के लिये पुष्प, स्मृतिचिन्ह भेंट देकर सन्मानित किया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्य रोहिणी पाटणकर, शिल्पा टोपे, संगीता मिश्रा, रचना नायडू, एन वी एल ज्योती, कामलजीत कौर, नीता जयसवाल, विनिता श्रीवास्तव, लक्ष्मी गुप्ता, निर्मला पत्तेबहादुर, गंगाश्री त्रिपाठी, नीला सोनालकर, संगीता पवार, बिंदु कुरूप सहित विभिन्न क्षेत्रों से सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन बैंक की संचालिका नीलिमा सगदेव और आभार उपाध्यक्ष ब्रिजलता चौबे ने किया। कार्यक्रम में बैंक की संचालिका सुचिता राजहंस, निहारिका राजे, पुष्पलता नेताम, शुभदा कामडे आदि मौजूद थे।

## ● चैत्र नवरात्र के पहले दिन मनाया गया गुड़ी पड़वा, उगादी व साईं झूलेलाल का पर्व चेट्रीचंड्र उत्सव

# देवी मंदिरों में दर्शन और पूजन के लिए उमड़ा सैलाब, अभिजीत मुहूर्त में जलाई आस्था की ज्योत, गुड़ी पड़वा और उगादी से नया साल शुरू

**भारतीय पंचांग अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार को हिंदू नववर्ष सभी समाज के लोगो द्वारा अपने अपने रीति-रिवाज के अनुसार मनाया गया। चैत्र नवरात्रि अपने साथ त्योहारों की त्रिवेणी लेकर आई। हिंदू नववर्ष पर महाराष्ट्रीयन समाज ने गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारतीय समाज ने उगादी तो सिंधी समाज ने चेट्रीचंड्र मनाया। पर्व का नाम भले ही अलग-अलग है, लेकिन लोगों का उत्साह एक सा रहा। नवरात्र के साथ ही देवी मंदिरों में नौ दिनों तक अराधना का दौर शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा को माता का सोलह श्रृंगार हुआ। पूरे दिन मंदिरों की रौनक रही। मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ ही मंदिरों में नवरात्र पूजन की शुरुआत हुई।**

**भिलाई।** ट्विनसिटी में सेक्टर 6 स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, सेक्टर 7 में महाराणा प्रताप भवन के आदिशक्ति मां जगदम्बा मंदिर, सेक्टर 1 के शारदा माता मंदिर, सेक्टर 9 हॉस्पिटल परिसर में संकटमोचन हनुमान मंदिर में विराजित मां अंबे, पावरहाउस चौक के राजराजेश्वरी मंदिर, केम्प 2 शीतला मंदिर, सुपेला के शीतला मंदिर, खुर्सीपार के दुर्गा मंदिर सहित भिलाई-3 में शीतला, महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। इसके साथ ही देवी दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भीड़ इन मंदिरों में उमड़ने

चंडी मंदिर दुर्ग में ज्योत



### शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना सुबह से लगी भक्तों की भीड़

देवी आराधना का चैत्र नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के पहले दिन आज भिलाई - दुर्ग के विभिन्न मंदिरों में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। देवी भक्तों में आज नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में पहुंचकर देवी दर्शन और पूजा अर्चना करने होड़ सी मची रही। वहीं आज से शुरू हो रहे हिंदू नववर्ष की लोगों ने एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।



सेक्टर-1 शारदा मंदिर

### नौ दिन माता के अलग-अलग स्वरूपों की होगी पूजा

नवरात्रि के नौ दिन माता दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि और महागौरी के स्वरूपों की उपासना के दिन माने जाते हैं।



दुर्ग निगम स्थित मंदिर में मेयर अल्का बाघमार ने की पूजा अर्चना।

### हिंदू नववर्ष की हुई शुरुआत

भारतीय पंचांग में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पहली तिथि को नए साल का आरंभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान ब्रह्मा ने आज ही के दिन संसार की रचना की थी। यही कारण है कि इसे सृष्टि का प्रथम दिन कहते हैं। इसके अलावा कलयुग का आरंभ भी आज ही के दिन से हुआ था। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से हुई और जिसका समापन 27 मार्च को होगा। पूरे साल में 4 बार नवरात्रि आती हैं जिसमें प्रमुख चैत्र व शारदीय नवरात्रि होते है इसके नौवें दिन प्रभु राम के प्रकटोत्सव के रुप में मनाया जाएगा। जिसे राम नवमी भी कहा जाता है। गुप्त नवरात्रि और माघ नवरात्रि भी कई मंदिरों में गुप्त रुप से पूजा-पाठ कर मनाई जाती है।

### उगादि पर बांटी खुशियां





तेलगु परिवारों का नववर्ष का आरंभ भी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को हो गया। शांति नगर निवासी शिल्पी ने बताया कि चैत्र प्रतिपदा को उगादि या युगादी कहते हैं। आंध्र प्रदेश में यह पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन को फसलों के पकने की खुशी में मनाते हैं साथ ही कच्चे आम, नीम के फूल, इमली, गुड़ आदि को मिलाकर इस दिन घरों में एक विशेष प्रकार का पेय पदार्थ पच्चड़ी या प्रसादम बनाया गया और इसे प्रसाद के तौर पर सभी को बांटा गया। ताकि पूरे साल एक दूसरे के साथ खट्टे-मीठे रिश्तो के अनुभवों का तालमेल बना रहे।

### आंगन में सजाया गुड़ी



चैत्र माह की पहली तिथि को महाराष्ट्रीयन परिवारों द्वारा गुड़ी पड़वा मनाया गया। इस दिन घरों में पूरन पोली, गुझिया आदि से मुंह मीठा कर घर के आंगन में गुड़ी बनाकर पूजा कर बड़ों का आर्शिवाद लिया। संत शिरोमणी नामदेव महाराज विठ्ठल रखुमाई मंदिर में सुबह प्रतिमा को फुलों से सजाया गया। पूजा अर्चना कर मिठाई अर्पित की गई। उषा प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि गुड़ी पड़वा का अर्थ है विजय ध्वज और पड़वा महीने का पहला दिन। महाराष्ट्र में इस दिन घर के बाहर गुड़ी स्थापित की जाती है। माना जाता है कि इसे घर के बाहर ऊंचाई पर लगाने से घर में सुख शांति आती है और नकारात्मक शक्तियां दूर रहती है।

## सिटी इवेंट

### बेटियों को शिक्षा, संस्कार और अच्छी जीवन शैली का पढ़ाएं पाठ



■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व कौशल उन्नयन प्रशिक्षण समापन समारोह

**भिलाई।** भिलाई नगर अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था द्वारा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजसेवी विनीता मनीष पांडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपने आर्थिक विकास के साथ अपनी बेटियों को शिक्षा, संस्कार और अच्छी जीवन शैली का पाठ अवश्य पढ़ाएं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वयं का घर बैठे आर्थिक विकास कर सकती है। सिलाई-कढ़ाई करके अपनी जीविका चलाने में सक्षम होगी तो उनका परिवार भी आर्थिक दृष्टि से सबल होगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो डी. एन. शर्मा ने कहा कि समाज में नारी सबल होगी, तो उनकी आर्थिक उन्नति होगी। तभी एक पराक्रम महिला समाज का निर्माण होगा। आयोजक समिति अध्यक्ष शानू मोहनन ने कहा कि महिला दिवस उनके मौलिक अधिकारों की मांग से यूरोपिय देशों में शुरू हुआ। न्यूयार्क की महिला श्रमिकों द्वारा 15000 महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए एक विशाल रैली निकाली, जिसके परिणाम स्वरूप उनकी मांग पूरी हुई। सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण में ट्रेनर के रूप में पुष्पा चौहान, संगीता, पूजा गुप्ता, खुशबू सिंह, मैमून निशा का सम्मान किया गया।

### विभिन्न गेम्स में रहे विजेता

इस अवसर पर संगीत टीचर नीलांजना और ड्राइंग टीचर राजेश द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई और विभिन्न रोचक गेम्स भी खेले गए। जिसमें भारतीय परिधान प्रतियोगिता में प्रतिभा सिंह, सृष्टि गुप्ता, सिम्पी देवी को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दौड़ में प्रथम पल्लवी, द्वितीय शोभा, तृतीय-सिम्मी रही। सुई धागा रेस में प्रथम सुजाता सिंह, द्वितीय शीतल साव, तृतीय रिंकी साहू, चम्मच रेस में प्रथम प्रतिभा सिंह, द्वितीय राजेश्वरी, तृतीय रिंकी साहू, कुर्सी दौड़ में प्रथम सितारा बेगम, द्वितीय काजल यादव, तृतीय भारती विजेता रही। सभी विजेताओं सहित संयोजिका सोनम गुप्ता और उद्घोषक गायत्री सिंह को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण पूरा करने वाली सैकड़ो महिलाओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अभिलाषा मिश्रा, राधा, अल्पना, विजया, संजू साहू किरण, गायत्री वर्मा, प्रेमा दुबे, रीता, सुनीता साहू, विद्या दुबे, अर्चना दुबे और अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ ने गेम्स में मारी बाजी, कविता सुन हुए लोग भाव-विभोर



**भिलाई।** महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता का संदेश देने दुर्ग–भिलाई महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ द्वारा होली और महिला दिवस सेलिब्रेट करने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में सभी ने जमकर ठुमके लगाए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण मधुकर खेड़ स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार भावना पांडे को उनकी इस उपलब्धि पर प्रकोष्ठ की महिलाओं ने पुष्पगुच्छ और सम्मान-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीता द्विवेदी, स्वाति दुबे और गीता पांडे ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. प्राशि तिवारी ने होली पर अपनी सुंदर कविता से सभी का मन मोह लिया। उपस्थित महिलाओं ने मिलकर खेलों का आनंद लिया और अंत में रिटर्न गिफ्ट देकर सभी को विदा किया गया।इस दौरान समिति की प्रतिभा पांडे, अंजू त्रिपाठी, सरोजनी राव, अनिता रानी पर्वत, कामिनी तिवारी, गीता पांडे, सविता पांडे, सविता त्रिपाठी, बिंदु मिश्रा, संगीता द्विवेदी, नम्रता शर्मा, रीता पांडे, डॉ. मानसी गुलाटी, विनिता पांडे, रीतु शुक्ला, सुषमा दुबे, सरोज चौबे और ममता अवस्थी सहित सभी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संगठन की एकता और महिलाओं को प्रोत्साहित करने गाया गीत, कहा-मातृशक्ति सर्वोपरि



**भिलाई।** कविता पब्लिक वेलफेयर फाऊंडेशन भिलाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदमश्री शमशाद बेगम, संगीता मिश्रा, संगीता लहरी, पिंकी सिंह, उषा देवी, उर्मिला शर्मा, निर्मला नायडू, महिला पुलिस, चार जिलों की महिला कमांडो, प्रज्ञा कांडे, मीना नारनवरे, सुनंदा गजभिए, सविता पाटिल, निर्मला गजभिए, समाजसेवी इंद्रजीत सिंह सहित फाउंडेशन की अध्यक्ष कविता रंगारे द्वारा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। शमशाद बेगम ने सारगर्भित उद्बोदन में संगठन की एकता पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने गीत गया।इंद्रजीत सिंह ने उद्बोधन में महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए मातृशक्ति को सर्वोपरि बताया साथ ही जरूरतमंद महिलाओं को हर संभव मदद करने की बातें कहीं। फाउंडेशन की अध्यक्ष कविता रंगारे ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। वेलफेयर की उपाध्यक्ष प्रमिला मानिकपुरी और सचिव पुष्पा मानिकपुरी सहित सभी के द्वार एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## ओजस समाज सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस

# महिला शक्ति के संग सजी संस्कृति की रंगीन झलक देशभर की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ओजस समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां महिलाओं ने देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को खास बना दिया। इस दौरान 60 सक्रिय सदस्यों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया।ओजस समाज सेवा समिति द्वारा महिला दिवस सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समिति की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस वर्ष कार्यक्रम की खासियत भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां रहीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।



### ब्रज थीम की होली प्रस्तुति में झूमे लोग

कार्यक्रम में हरियाणा का लोक नृत्य नीलू ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया, वहीं बंगाली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति रोमा और सोमा ने दी। ब्रज की होली पर आधारित प्रस्तुति अर्चना सर्राफ व शामली सोनी ने दी। इसके अलावा रचना सिंह ग्रुप ने राजस्थानी समूह नृत्य, अंजू खडकें ग्रुप ने गौरखा नृत्य तथा सुनीता सिंह ग्रुप ने बिहार की संस्कृति को मंच पर उतारा। सभी प्रस्तुतियां बेहद आकर्षक रहीं और दर्शकों का मन मोह लिया।



### वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दी जानकारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल और ब्रम्हकुमारी आशा बहन उपस्थित रहीं। बीके आशा बहन ने अपने शांति वचनों से उपस्थित महिलाओं को ध्यान करने के टिप्स दिये। वहीं विनीता पांडे ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. प्रज्ञा सिंह, प्रदेश कन्या संयोजिका संस्कृति वर्मा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह, अंजली शर्मा एवं उपासना साहू उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का शाल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष ललिता सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ओजस महिला समिति द्वारा अपने 60 सक्रिय सदस्यों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जो निरंतर समिति के कार्यों में सहयोग देते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन माया बेनर्जी ने किया। इस दौरान रीता भटनागर ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी, वहीं एडवोकेट अंजली शर्मा ने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। दुर्गा अधिकारी ने स्वरचित कविता पाठ किया और अल्का शर्मा ने मधुर गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में संजू शुक्ला, मंजू सोनी, मीनाक्षी सहगल, संजय सिंह, नीलिमा भगत, पर्णिता शर्मा, स्नेहिल, अर्चना पांडे, सुषमा सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



सिटी इवेंट

## वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनके अनुभव का लाभ लें



**भिलाई।** सूर्या विहार कालोनी में आयोजित वरिष्ठ नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए वरिष्ठ नागरिकों दवरा अपने जीवन के अनुभव, ज्ञान एवं संस्कारों को युवा पीढ़ी के साथ साझा करने का निर्णय लिया गया। जिससे वे बेहतर नागरिक बनें और समाज एवं देश को सकारात्मक रूप से उन्नति के मार्ग पर ले जाएं। वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनके अनुभव का लाभ उठाकर युवा आगे बढ़ें। उनके अनुभवों से युवा पीढ़ी को जीवन में सही मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। वर्तमान समय में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में युवाओं को सही दिशा देने के लिए वरिष्ठों का मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में भावी युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने, बच्चों में अच्छे संस्कार डालने, महिला सशक्तिकरण के प्रयास करने पर बल दिया गया। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के हितों पर भी चर्चा की गई। इस पहल के तहत समय-समय पर संवाद कार्यक्रम, संगोष्ठी एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों को साझा करेंगे और युवाओं को नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं जीवन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इसका स्वागत करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से पीढ़ियों के बीच संवाद मजबूत होगा और समाज में समरसता एवं जागरूकता का वातावरण विकसित होगा। बैठक में प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार मजूंमदार, संजय कुमार मैराल, गंगा सिंह भदौरिया, लखनलाल वर्मा, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, धानेश्वर कुमार निर्मलकर सहित अन्य जन उपस्थित थे।

- संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभव एवं ज्ञान को युवा पीढ़ी से करेंगे साझा

सिटी लाइव

## रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग में सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का समापन आरईडी कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा ने की। सीजीएम देबदत्त सतपथी तथा प्रोसेनजीत दास भी उपस्थित थे ।

श्री बेहरा ने कहा कि रीहीटिंग फर्नेस के बेहतर प्रबंधन से मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों के दौरान सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी। सीजीएम देबदत्त सतपथी ने संविदा कर्मियों की सुरक्षा प्रबंधन को संयंत्र की प्रमुख प्राथमिकताएं बताईं। इस अवसर पर सुरक्षा नाटिका प्रस्तुत सुरक्षा नाटिका में अवतार विव्हार, सेवक, अथर खान, हीरालाल वर्मा तथा गोविंद ने अभिनय किया। महिला संविदा कर्मियों को भी कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रोसेनजीत दास ने आरईडी टीम से सदैव सतर्क रहने और प्रत्येक क्षण को सुरक्षित बनाने का आह्वान किया। दुर्घटना मुक्त वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

- संविदा कर्मियों को सुरक्षा योगदान के लिए किया सम्मानित

## निषाद समाज द्वारा गांव में किया जा रहा महिला प्रकोष्ठ का विस्तार



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत ग्राम कोटनी में विधिवत महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं द्वारा बैठक आहूत की गई थी। इस प्रकार दो पद मेन संगठन में महिला उपाध्यक्ष निराशा बाई निषाद एवं महिला सचिव सुरेखा बाई निषाद बनीं। महिला प्रकोष्ठ ग्राम कोटनी निषाद समाज की भुनेश्वरी निषाद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं। इसके अलावा दो उपाध्यक्ष गंगोत्री निषाद, सुशीला निषाद, सचिव निर्मला निषाद, कोषाध्यक्ष खिलेश्वरी निषाद, सह कोषाध्यक्ष दुलारी निषाद संगठन सचिव भुनेश्वरी निषाद, उप संगठन सचिव कविता निषाद, अंकेक्षक रुकमणि निषाद, मिडिया प्रभारी मंदाकिनी निषाद नियुक्त की गईं। ग्राम प्रमुख धनीराम निषाद, रतन निषाद, सांतनु निषाद एवं जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार निषाद ने सभी महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।

## आज सुबह 10 बजे अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर विशाल वाहन रैली

**भिलाई।** भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा शुक्रवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे से वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी चौक कोहका एवं भवन के प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। रैली वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी चौक, आर्य नगर दुर्गा मंदिर, फवारा चौक बजरंगपरा, शिक्षक नगर चौक जूनवानी रोड, सुंदर नगर कोहका चौक, सद्भावना चौक, जीरो रोड शांति नगर, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड रोड, गुरु घासीदास नगर में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण एवं पूजा अर्चना, वापस हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, कैंप 1, जी ई रोड, साक्षरता चौक, जी ई रोड सुपेला चौक, नेहरू नगर चौक, वाय सेफ ओवर ब्रिज, मालवीय नगर चौक, अवंती तिराहा जेल रोड के पास स्थापित वीरागना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना, वापसी मालवीय नगर चौक, वाय सेफ ओवर ब्रिज, नेहरू नगर चौक, जी ई रोड सुपेला थाना के पीछे राधिका नगर में स्थापित प्रतिमा की माल्यार्पण एवं पुजा अर्चना कर वापसी जी ई रोड होते हुए कॉन्टेक्टर कॉलोनी हरा मैदान में कार्यक्रम का समापन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

### अग्रवाल समाज दुर्ग ने किया गणगौर बंदोला का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

# पारंपरिक वेषभूषा में ईसर-गौरी का श्रृंगार कर लोकगीत गाते हुए निकाली शोभायात्रा, गणगौर में सुहाग और सौभाग्य की कामना

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग इकाई अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अपने कार्यकाल का प्रथम आयोजन पारंपरिक गणगौर बंदोला के रूप में आकर्षक ढंग से सेलिब्रेट किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेषभूषा में माता गौरी की प्रतिमा के साथ लोकगीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। जिसमें सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जुड़ाव एवं परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, आकर्षक सजावट एवं उत्सव की मनमोहक झलकियों ने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, महासचिव श्वेता अग्रवाल, सचिव प्रीति राजगढ़िया, सह-कोषाध्यक्ष कविता रूंगटा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस आयोजन में समाज की संरक्षिका निर्मला बंसल, अनीता बंसल, नीलम अग्रवाल, कांता अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, राजरानी अग्रवाल, आरती अग्रवाल और सरिता गोयल के मार्गदर्शन में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दुर्ग की धरती पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, आकर्षक सजावट एवं उत्सव की मनमोहक झलकियों ने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया।



### विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना

कार्यक्रम में भगवान ईसर और माता गौरी का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से सुहाग-सौभाग्य की कामना करते हुए गीत-भजन प्रस्तुत किए। साथ ही ईसर-गौरी का श्रृंगार कर उन्हें स्नेहपूर्वक विदाई दी। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन दिल्ली की ओर से रूही अग्रवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की प्रभारी स्मिता मित्तल, मोना जिंदल, अनीता अग्रवाल एवं मुक्ता गर्ग रहीं।





### कथा में बताया गणगौर पर्व का महत्व

गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख एवं अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाने वाला पर्व है, जो भगवान शिव (ईसर) एवं माता पार्वती (गौरी) को समर्पित है। यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं द्वारा अपने सुहाग की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं पारिवारिक खुशहाली की कामना के लिए मनाया जाता है, जबकि अविवाहित कन्याएं मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करती हैं। इस उत्सव में पूजा, गीत-संगीत एवं शोभायात्रा का विशेष महत्व होता है।

### माता गौरी की प्रतिमा के साथ गाए लोकगीत

आयोजन की जानकारी देते हुए शारदा अग्रवाल, सीमा सेकसरिया, सीमा खेमका एवं सुमन मोदी ने बंदोला का महत्व बताते हुए कहा कि गणगौर के अवसर पर बंदोला एक पारंपरिक शोभायात्रा होती है, जिसमें महिलाएं सुसज्जित वेशभूषा में माता गौरी की प्रतिमा के साथ लोकगीत गाते हुए नगर भ्रमण करती हैं। यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जुड़ाव एवं परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में अग्रवाल महिला मंडल भिलाई की अध्यक्ष गायत्री अग्रवाल व उनकी टीम, अग्रवाल महिला मंडल खुर्सीपार की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल व उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित थी। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए समाजिक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की बातें कही। इस अवसर पर अंजू खेतान, सारिका अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, दीप्ति, गीता गोयल, ममता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, वंदना गुप्ता, गायत्री कीर्तुका, कपिला अग्रवाल, मंजू रूंगटा, रितु रूंगटा, संजना पोद्दार सहित समाज की अनेक महिलाओं एवं सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। सभी ने आयोजन को परंपरा एवं संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

### दिशा की पहल

## स्कूल को सीलिंग और एग्जॉस्ट फैन किया भेंट, विद्यार्थियों को मिलेगी राहत




**भिलाई।** समाजसेवी संस्था दिशा द्वारा शिक्षा सहयोग के क्षेत्र में पहल करते हुए रूआबांधा स्थित बीएसआर इंग्लिश मीडियम स्कूल में सेवा और सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से विद्यालय की नई कक्षाओं के लिए 4 सीलिंग फैन और 6 एग्जॉस्ट फैन भेंट किए गए, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अधिक अनुकूल वातावरण मिल सके। फैन उपलब्ध कराए जाने से विद्यालय की कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जीएस संधू, भास्कर देवनाथ, कल्याण राय, एसके. देशोरे और सुजीत चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्था के वरिष्ठ सदस्य शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देना और जरूरतमंद विद्यालयों को सहयोग देना संस्था का लगातार प्रयास है। उनके अनुसार ऐसे छोटे कदम समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की ओर से प्रवीण सिंह राजपूत ने दिशा संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर माहौल में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान संस्था के सदस्य रामानुजन राजू, बापी दास, शैलेश कुमार देशोरे, देबाशीष मजूमदार, शांतनु दासगुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में जुटे भक्त

## शक्ति की उपासना, आत्मशुद्धि और संकल्प का पर्व है नवरात्रि : ललित



**दुर्ग।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व और हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व मंगलकामनाएं दी है।

विधायक चंद्राकर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि शक्ति की उपासना, आत्मशुद्धि और संकल्प का पर्व है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप हमें साहस, संयम, सेवा और समर्पण का संदेश देते हैं। वहीं हिंदू नववर्ष हमारे सांस्कृतिक गौरव, परम्पराओं और नूतन उमंग का प्रतीक है। यह समय है नव संकल्प लें कि हम अपने गाँव-गली-मोहल्ले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाएंगे। बेटियों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की समृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए मां बम्लेश्वरी एवं माँ दंतेश्वरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि नवरात्रि के ये नौ दिन हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता एवं सामूहिक एकता का संचार करें। उन्होंने आग्रह किया कि पर्व के दौरान मंदिरों, मेलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, सुरक्षा व अनुशासन बनाए रखें, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण वातावरण में मां की आराधना कर सकें।

**विधायक ललित ने दी चैत्र नवरात्रि व हिंदू नववर्ष बधाई**

### अभिभावको को मिला बेस्ट डैड और ग्रेसफुल मॉम का अवार्ड

## बच्चों ने चुलबुली अदाओं से दी आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुतियां, ग्रेजुएशन डे में दिखा उत्साह और उमंग



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में ग्रेजुएशन डे समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शारदा विद्यालय एवं शकुंतला विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि नन्हे बच्चों को इतनी कुशलता एवं स्नेहपूर्वक तैयार करना उनकी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की चुलबुली गतिविधियों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया।





### अभिभावकों को मिला पेरेंट्स ऑफ द ईयर अवॉर्ड

कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए भी विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभिभावकों के लिए चुटकी गेम और कपल गेम आयोजित किए गए, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुटकी गेम में कुसुम पांडे एवं गरिमा राठी विजेता रहीं, वहीं कपल गेम में आशीष कुमार पांडे एवं सपना पांडे तथा मनीष कुमार देशलहरा एवं कविता देशलहरा विजेता रहे। साथ ही अभिभावकों को प्रोत्साहित करने के लिए अवेयर पेरेंट्स, वेल बिहेव्ड, बेस्ट डैड, ग्रेसफुल मॉम और पेरेंट्स ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में बलजीत कौर और सृष्टि राव सीनियर मिस्ट्रेस ने अपने संबोधन में कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में संवेदनशीलता, रुचि एवं सहजता को प्राथमिकता देते हुए बच्चों को निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका नेहा पटले शकुंतला विद्यालय एवं रामलाली दुबे शारदा विद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर शकुंतला विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार, शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर की मैनेजर ममता ओझा, शारदा विद्यालय रिसाली प्राचार्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों सहित ग्रुप के सभी इंचार्ज एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

